हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172

■ संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला ■ ईमेल: newsicon2021@gmail.com ■ मूल्य: रु. - 2/-

वर्षः २ अंकः 01 पृष्ठः 8 शुक्रवार 17 जून से 23 जून 2022

# अग्निपथ योजना के विरोध में दक्षिण हरियाणा में प्रदर्शन

## भारी पुलिसबल तैनात



**पलवल/रेवाड़ी।** सेना में भर्ती को लेकर लाई गई अग्निपथ योजना के विरोध में बृहस्पतिवार को रेवाडी में युवा सड़कों पर उतर गए। युवाओं ने पहले सरकुलर रोड पर जाम लगा दिया। जानकारी के मुताबिक, इस पूरे हुड़दंग में दूसरे जिलों के भी कुछ युवा शामिल थे। पुलिस अब उन तमाम युवाओं की पहचान करने में जुटी है जो इस पूरे हंगामे के सूत्रधार रहे। पुलिस टीम युवाओं को समझा रही थी कि इस तरह से जाम लगाने से उनपर मुकदमा दर्ज हो सकता है। युवाओं ने पुलिस की एक नहीं सुनी तथा वह पार्क से बाहर निकलकर सड़क पर जाम लगाने के लिए जाने लगे। इस बार पुलिस को सख्त रुख अपनाना पड़ा तथा पुलिस टीम ने उनपर लाठीचार्ज कर दिया। लाठीचार्ज होते ही युवा इधर-उधर भागने लगे।वहीं, पलवल में प्रदर्शनकारियों ने कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया है। पुलिस ने लाठीचार्ज किया तो इसके बाद कुछ युवाओं ने पुलिस पर ही पथराव शुरू कर दिया। इसके बाद बड़ी तादाद में फोर्स को और बुला लिया गया। पुलिस को भारी पड़ते देख युवा वहां से भाग निकले।

# महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव

## बीजेपी-कांग्रेस को क्रॉस वोटिंग का डर, इन सीटों पर बिगड़े समीकरण



**मुंबई:** भारतीय जनता पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सदाभाऊ खोत और राकांपा के शिवाजीराव गजरे ने सोमवार को महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव के लिए अपना नामांकन वापस ले लिया, जिससे 10 सीटों के लिए अब मैदान में 11 उम्मीदवार बचे हैं. पिछले सप्ताह राज्यसभा चुनाव के बाद अब राज्य में भाजपा और सत्तारूढ़ महा विकास अघाडी के बीच एक और मुकाबला देखने को मिलना तय है. एक अधिकारी ने बताया कि विधान परिषद की 10 खाली सीटों के लिए 11 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिसके लिए 20 जून को मतदान होगा. सोमवार को नामांकन वापस लेने का आखिरी दिन था.

महाराष्ट्र की पूर्ववर्ती देवेंद्र फडणवीस सरकार (2014-19) में पूर्व मंत्री, खोत ने विपक्षी भाजपा के समर्थन से एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया था. चुनाव में जीत हासिल करने के लिए प्रत्येक उम्मीदवार को 25.81 वोट हासिल करने होते हैं.






# पवार पर आपत्तिजनक पोस्टः मराठी अभिनेत्री ने गिरफ्तारी के खिलाफ उच्च न्यायालय में दायर की याचिका



**मुंबईः** मराठी अभिनेत्री केतकी चितले ने सोशल मीडिया पर राकांपा प्रमुख शरद पवार के बारे में कथित रूप से आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने के मामले में बृहस्पतिवार को बंबई उच्च न्यायालय में याचिका दायर करके अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख पवार के खिलाफ फेसबुक पर कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी वाली सामग्री पोस्ट करने के मामले में ठाणे पुलिस ने गत 14 मई को चितले को गिरफ्तार किया था।अभिनेत्री ने याचिका में कहा कि उनकी गिरफ्तारी कानून के अनुसार नहीं है, इसलिए उच्च न्यायालय द्वारा इसे अवैध घोषित किया जाना चाहिए। अधिवक्ता योगेश देशपांडे के माध्यम से दायर चितले की याचिका में कहा गया है कि पुलिस को दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 41 ए के तहत उन्हें नोटिस देकर उनको एक पुलिस अधिकारी के सामने पेश होने की अनुमति देनी चाहिए थी।सीआरपीसी की धारा 41ए के मुताबिक उन मामलों में जहां किसी की गिरफ्तारी तत्काल आवश्यक नहीं है, पुलिस उस व्यक्ति को नोटिस जारी करेगी, जिसके खिलाफ शिकायत की गई है।धारा 41ए में कहा गया है कि आरोपी नोटिस का जवाब देगा और पुलिस जांच में सहयोग करेगा। चितले ने आरोप लगाया कि ठाणे पुलिस ने उन्हें नोटिस भेजने के बजाय सीधे फोन किया और थाने में आने को कहा। चितले ने कहा, कानून का पालन करने वाली नागरिक होने के नाते उन्होंने पुलिस के आदेश का पालन किया। कलवा थाने के अधिकारी वहां मौजूद थे और उन्होंने मुझे हिरासत में ले लिया। फिल्म और टीवी अभिनेत्री ने दावा किया कि उन्होंने केवल किसी और द्वारा लिखी गई एक कविता साझा की थी और कथित पोस्ट में राकांपा प्रमुख का नाम नहीं था।

उच्च न्यायालय में तत्काल सुनवाई के लिये शुक्रवार को इस मामले का उल्लेख किया जा सकता है। इस फेसबुक पोस्ट के कारण 29 वर्षीय अभिनेत्री को 20 से अधिक प्राथमिकी का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले इन मामलों में जांच पर रोक लगाने के लिए उन्होंने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। उनकी पिछली याचिका पर अदालत में सुनवाई अभी लंबित है।

## मुंबई में अलीबाग के पीएनपी थिएटर में भीषण आग

मुंबई। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में अलीबाग के पीएनपी थिएटर में बुधवार को भीषण आग लग गई। मौके पर दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। अभी तक आग के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

आग बुझाने की कोशिश की जा रही है। अभी तक आग से जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। इधर, आग लगते ही अफरातफरी मच गई। चारों तरह आग ली लपटें और धुआं का गुबार दिखा। आग में कुछ लोगों के फंसे होने की भी खबर है। आसपास के लोग भी आग बुझाने की कोशिश कर रहे हैं। इससे पहले जनवरी, 2022 में मुंबई के ताड़देव इलाके में भाटिया अस्पताल के करीब स्थित 20 मंजिला कमला बिल्डिंग में आग लगने से सात लोगों की मौत हो गई थी।

## हनुमान चालीसा मामले में विशेष अदालत में पेश हुए राणा दंपती



**मुंबई।** महाराष्ट्र में निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा बुधवार को हनुमान चालीसा मामले में जमानत रद करने की मुंबई पुलिस की याचिका के सिलसिले में मुंबई की एक विशेष अदालत में पेश हुए। राणा दंपती को 23 अप्रैल को मुंबई में पुलिस ने तब गिरफ्तार किया था, जब उन्होंने घोषणा की थी कि वे उपनगरीय बांद्रा में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के निजी आवास ह्यमातोश्रीह्ण के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। इसके बाद राणा दंपती के खिलाफ देशद्रोह का आरोप लगाया गया।पांच मई को विशेष न्यायाधीश आरएन रोकाडे ने राणा दंपती को कुछ शर्तों के साथ जमानत दे दी थी, जिससे उन्हें मामले से संबंधित कोई भी बयान मीडिया को देने से रोक दिया गया था। न्यायाधीश ने यह भी कहा था कि अगर राणा दंपती ने फिर से इसी तरह का अपराध किया तो जमानत जब्त कर ली जाएगी। पुलिस ने नौ मई को विशेष अदालत का दरवाजा खटखटाकर अमरावती से निर्दलीय सांसद नवनीत और उसी जिले के निर्दलीय विधायक रवि राणा की जमानत रद करने की मांग की थी, क्योंकि उन्होंने कथित तौर पर जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया था।इसके बाद राणा दंपती ने पुलिस की याचिका पर संयुक्त जवाब दाखिल किया और कहा कि उन्होंने न तो पुलिस जांच में हस्तक्षेप किया और न ही उन्होंने मामले से संबंधित कोई सार्वजनिक बयान दिया। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस उनकी जमानत रद करने की मांग करने के लिए कोई ठोस कारण बताने में विफल रही है।


Know Your Past, Present & FUTURE - with "My Miracles of Numerology"



Sandhiya Mehhta

*Sandhiya Mehhta is a world renowned Numerologist, Vastu expert, Spiritual Healer with activated third eye. Her knowledge, wisdom and insight has helped innumerable people.*

*Titled as "Indian Nostradamus" and winner of many awards worldwide, she says*
*"MY CLIENT'S REWARDS ARE MY ONLY AWARDS"*

Sandhiya Mehhta is the only successful numerologist that predicts your future and helps you mould your present with scientific remedies that are unique and developed over 25 years of research.

"No stones, signature changes and blind faith can uplift you and eliminate problems, but my system of remedy has shown tremendous results for people from every walk of life be it academics, sports, celebrities or politics"

"I will consult, inform, empower and guide you to a better present and future"

Famous for Exclusive research for the trio- 4, 7, 8 - "People born on this are such intelligent & hardworking individuals but need little help to realise their full destiny which I do through my remedies and research. It's a beautiful cocoon to butterfly journey".

Book your consultation NOW
+919819921673, +919769071673
www.yellowsoul.in / Email: contact.yellowsoul@gmail.com
Sandhiya.mehhta @sandhiyamehta
All credit cards are accepted

# कोविड-19 के 4,255 नये मामले, उपचाराधीन मरीजों की संख्या 20 हजार के पार



**मुंबईः** महाराष्ट्र ने बृहस्पतिवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 4,255 नये मामले दर्ज किये जबकि तीन संक्रमितों की मौत हो गयी। राज्य में 12 फरवरी के बाद से एक दिन में आये यह सर्वाधिक मामले हैं। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने यह जानकारी दी। एक दिन पहले, राज्य में कोरोना वायरस संक्रमण के 4,024 नये मामले दर्ज किए गए थे और दो मरीजों ने दम तोड़ दिया था। स्वास्थ्य विभाग के बुलेटिन के अनुसार, राज्य में कोविड-19 के 20,634 उपचाराधीन मरीज हैं। 12 फरवरी को, राज्य ने 4,359 कोविड-19 के मामले दर्ज किए थे। 12 फरवरी को, राज्य ने 4,359 कोविड-19 के मामले दर्ज किए थे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी बयान के अनुसार, बृहस्पतिवार को राज्य में बी.ए.5 स्वरूप से संक्रमण के दो और मामले सामने आए।नेशनल एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (एनईईआरआई) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक नागपुर में बी.ए.5 स्वरूप के दो मरीज पाए गए।दोनों मरीजों में से एक 29 वर्षीय पुरुष हैं, जबकि दूसरी 54 वर्षीय महिला हैं। उन्होंने क्रमशः छह और नौ जून को कोविड-19 की जांच करवायी थी। बयान के मुताबिक, दोनों मरीजों का टीकाकरण किया गया है। वह गृह एकांतवास में ठीक हो गये। इसके साथ ही राज्य में बी.ए.4 और बी.ए.5 के कुल मामले 19 तक पहुंच गये। विभाग के अनुसार, पिछले एक दिन में राज्य में कोविड -19 के 2,879 मरीज संक्रमण से ठीक हुए हैं, जिससे संक्रमण मुक्त मरीजों की संख्या 77,55,183 हो गयी। स्वास्थ्य विभाग ने कहा, राज्य में कोरोना संक्रमण से ठीक होने की दर 97.87 फीसदी है।

# राष्ट्रपति चुनाव राजनाथ ने उद्धव ठाकरे को फोन किया



**मुंबई:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को फोन किया। यह जानकारी सूत्रों ने बृहस्पतिवार को दी। सिंह और शिवसेना प्रमुख ठाकरे के बीच बातचीत ऐसे समय हुई है जब 18 जुलाई को राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है। मुख्यमंत्री ठाकरे के एक सहयोगी ने कहा कि सिंह ने बुधवार शाम करीब सात बजे ठाकरे को फोन किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सिंह और पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा को शीर्ष संवैधानिक पद के चुनाव पर आम सहमति बनाने के लिए विपक्षी सहित अन्य राजनीतिक दलों के साथ परामर्श के वास्ते अधिकृत किया है।मुख्यमंत्री ठाकरे के एक सहयोगी ने कहा कि सिंह ने बुधवार शाम करीब सात बजे ठाकरे को फोन किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सिंह और पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा को शीर्ष संवैधानिक पद के चुनाव पर आम सहमति बनाने के लिए विपक्षी सहित अन्य राजनीतिक दलों के साथ परामर्श के वास्ते अधिकृत किया है।

# समीर वानखेड़े की याचिका पर महाराष्ट्र सरकार से जवाब मांगा गया



**मुंबईः** बंबई उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र सरकार और मुंबई जिला जाति प्रमाणपत्र जांच समिति को मुंबई एनसीबी के क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े की याचिका पर जवाब देने के लिये कहा, जिसमें समिति द्वारा वानखेड़े को जारी कारण बताओ नोटिस को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति आर. डी. धानुका और न्यायमूर्ति माधव जामदार ने सरकार और समिति को दो सप्ताह में अपने-अपने जवाब दाखिल करने के लिये कहा। वानखेड़े ने अपनी याचिका में इस साल 29 अप्रैल को समिति द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस को चुनौती दी है।वानखेड़े ने अपनी याचिका में कहा कि जाति प्रमाणपत्र जांच समिति ने 29 अप्रैल को उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि उनके खिलाफ मिली शिकायतों और संबंधित दस्तावेजों की जांच में पता चला है कि वह मुस्लिम जाति से संबंध रखते हैं और इस्लाम धर्म को मानते हैं।नोटिस में वानखेड़े से पूछा गया है कि समिति को 5 मार्च 2008 को जारी उनके उस जाति प्रमाण पत्र को कब्जे में लेकर उसे रद्द क्यों नहीं करना चाहिये, जिसमें उन्होंने दावा किया था .

# महाराष्ट्र विधानपरिषद चुनावः उच्च न्यायालय मलिक, देशमुख की याचिकाओं पर 17 जून को आदेश जारी करेगा



मुंबईः बंबई उच्च न्यायालय 20 जून को होने वाले महाराष्ट्र विधानपरिषद चुनाव में मतदान करने की अनुमति मांगने संबंधी राज्य के मंत्री नवाब मलिक और पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख की दो याचिकाओं पर शुक्रवार को अपना फैसला सुनाएगा।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता मलिक और देशमुख वर्तमान में न्यायिक हिरासत में जेल में हैं। न्यायमूर्ति एन जे जामदार ने बृहस्पतिवार को सभी पक्षों की विस्तृत दलीलें सुनीं और कहा कि फैसला शुक्रवार को सुनाया जाएगा।

सुनवाई के दौरान, मलिक की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अमित देसाई ने कहा कि मंत्री का मामला मतदान के लिए न्यायिक हिरासत में रहते हुए सुरक्षा घेरे में जाने देने का एक सामान्य अनुरोध है।

देसाई ने कहा कि हालांकि, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 62(5) जेल में कैद लोगों के मतदान करने पर प्रतिबंध लगाती है, लेकिन इस तरह का प्रतिबंध भौतिक समस्याओं की वजह होता है जैसे कि सुरक्षा इंतजाम करना और जेल में कैद व्यक्तियों को मतदान के लिए ले जाने को लेकर जरूरी व्यवस्था करना।देसाई ने कहा, ह्यह्यवह(मलिक) अभी अस्पताल में हैं और जेल में कैद नहीं हैं। उन्हें दोषी साबित किया जाना अभी बाकी है , इसलिए वह अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए अयोग्य नहीं हैं। उन्होंने यह भी दलील दी कि मौजूदा मामले में जरूरी अनुमति देने का अदालत के पास विवेकाधिकार है।

देशमुख की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी ने भी कहा कि इस मामले में अदालत को अपने विवेकाधिकार का इस्तेमाल करने की शक्तियां प्राप्त है।

वहीं, प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल अनिल सिंह ने दलील दी कि अदालत द्वारा इस मामले में विवेकाधिकार का इस्तेमाल करना कानून द्वारा लागू रोक के प्रतिकूल होगा।राज्य विधानपरिषद की 10 रिक्त सीट पर द्विवार्षिक चुनाव अगले सोमवार को होना है। मतदान के लिए निर्वाचक मंडल में राज्य विधानसभा के सदस्य शामिल हैं। कुल 11 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, जिनमें भाजपा के पांच, जबकि शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस ने दो-दो उम्मीदवार (महाविकास आघाड़ी से कुल छह उम्मीदवार)उतारे हैं।

# संपादकीय




संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला

## सरकारी नौकरियों की सौगात



प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार के सभी विभागों और मंत्रालयों में मानव संसाधन की स्थिति की समीक्षा के बाद यह जो निर्देश दिया कि अगले डेढ़ वर्ष में एक अभियान के तहत दस लाख लोगों की भर्तियां की जाएं, उसकी आवश्यकता एक अर्से से महसूस की जा रही थी। ऐसा लगता है कि कोरोना संकट के कारण रिक्त पदों को भरने में देरी हुई। जो भी हो, कम से कम अब तो यह सुनिश्चित किया ही जाना चाहिए कि केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में जो भी रिक्त पद हैं, उन्हें तय समय में भरा जाए। भर्ती प्रक्रिया को गति देने के साथ ही इस पर भी ध्यान देना होगा कि वह किसी गड़बड़ी का शिकार न बनने पाए।यह अपेक्षा इसलिए, क्योंकि हाल के समय में कई भर्ती परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हुए हैं। इससे जहां अभ्यर्थियों के समय और धन की बर्बादी हुई है, वहीं दूसरी ओर सरकार को बदनामी का भी सामना करना पड़ा है। रिक्त पदों को भरने के साथ ऐसी भी कोई व्यवस्था बनानी होगी, जिससे शासन-प्रशासन की कार्य कुशलता बढ़े। सरकारी नौकरियों को लेकर यह जो धारणा बन गई है कि ये नौकरियां ज्यादा जवाबदेही की मांग नहीं करतीं, उसे प्राथमिकता के आधार पर दूर करना होगा। यह भी समय की मांग है कि जैसे केंद्र सरकार ने अपने विभागों में रिक्त पदों को एक तय अवधि में भरने की पहल की, वैसे ही राज्य सरकारें भी करें। यह एक तथ्य है कि कई राज्यों में बड़ी संख्या में पुलिस, शिक्षकों, चिकित्सकों आदि के भी पद रिक्त हैं। वास्तव में यह नीतिगत स्तर पर तय होना चाहिए कि आवश्यक सेवाओं में रिक्त पदों को भरने का काम लंबित न रहे, क्योंकि जब ऐसा होता है तो सुशासन का उद्देश्य तो बाधित होता ही है, आम लोगों की परेशानी भी बढ़ती है। यह सही है कि प्रधानमंत्री की ओर से की गई घोषणा नौकरियां तलाश रहे युवाओं को उत्साहित करने वाली है, लेकिन सरकारी नौकरियों की एक सीमा है। चूंकि सभी युवाओं को सरकारी नौकरियां देना संभव नहीं, इसलिए सरकार को इसके लिए भी कोशिश करनी चाहिए कि निजी क्षेत्र ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर पैदा करने में कैसे समर्थ बने?इस कोशिश में राज्यों को भी शामिल होना होगा। इसे एक संयोग ही कहा जाएगा कि एक ओर जहां प्रधानमंत्री ने डेढ़ वर्ष में दस लाख नौकरियां देने की घोषणा की, वहीं दूसरी ओर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना के तीनों अंगों में भर्ती के लिए अग्निपथ नामक योजना की घोषणा की। उम्मीद की जानी चाहिए कि अपनी तरह की यह अनूठी योजना सेना की जरूरतों को पूरा करने के साथ उन युवाओं को भी आकर्षित करेगी, जो सशस्त्र बलों का हिस्सा बनने के आकांक्षी हैं।

# नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल गांधी की पेशी पर भड़के कांग्रेसी



नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल गांधी के प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश होने के दौरान कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं ने जिस तरह दिल्ली के साथ देश के अन्य हिस्सों में सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर यह संदेश देने की कोशिश की कि उनके नेता को सताया जा रहा है, उससे कांग्रेस को शायद ही कुछ हासिल हो। इसके आसार इसलिए नहीं, क्योंकि इस मामले को लेकर उठे सवालों के जैसे जवाब कांग्रेस की ओर से दिए गए हैं, वे संदेह का निवारण नहीं करते। इस मामले में इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि हजारों करोड़ रुपये की परिसंपत्ति वाली एसोसिएट जर्नल लिमिटेड को यंग इंडिया को बेचे जाने की प्रक्रिया उतनी न्यायसंगत नहीं जान पड़ती, जितनी कि कांग्रेस की ओर से बताई जा रही है।

आजादी की लड़ाई के दौरान अखबारों के प्रकाशन के लिए बनाई गई एसोसिएट जर्नल लिमिटेड में नेहरू जी की भूमिका अवश्य थी, लेकिन उनका इस कंपनी पर मालिकाना हक नहीं था। इस कंपनी के शेयरधारकों में करीब पांच हजार स्वतंत्रता सेनानी शामिल थे। कांग्रेस की ओर से इस सवाल का कोई ठोस जवाब नहीं दिया गया कि शेयरधारकों की अनुमति के बिना इस कंपनी का मालिकाना हक उस यंग इंडिया कंपनी को कैसे दे दिया गया, जिसमें 76 प्रतिशत हिस्सेदारी सोनिया और राहुल गांधी की है और शेष उनके करीबी नेताओं के पास।प्रवर्तन निदेशालय की ओर से राहुल और सोनिया गांधी को पूछताछ के लिए तलब करने पर कांग्रेस मोदी सरकार पर निशाना तो साध रही है, लेकिन यह भूल जा रही है कि यह मामला अदालत में तब पहुंचा था, जब संप्रग सरकार सत्ता में थी। कांग्रेस नेताओं को इस तथ्य को भी ओझल नहीं करना चाहिए कि इस मामले में राहुल और सोनिया गांधी जमानत पर चल रहे हैं।

जो कांग्रेस नेता यह शोर मचा रहे हैं कि मोदी सरकार राहुल और सोनिया गांधी को परेशान करने के लिए केंद्रीय एजेंसी का बेजा इस्तेमाल कर रही है, उन्हें यह याद हो तो बेहतर कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट उन्हें राहत देने से इन्कार कर चुका है।कांग्रेस नेता यह साबित करने के लिए कितना ही जोर लगाएं कि यह एक राजनीतिक मामला है, लेकिन सच यही है कि यह भ्रष्टाचार से जुड़ा एक कानूनी मामला है और ऐसे मामलों में धरना-प्रदर्शन की राजनीति काम नहीं करती। यदि सोनिया और राहुल गांधी को यह लगता है कि प्रवर्तन निदेशालय को उनसे किसी तरह की पूछताछ करने का अधिकार नहीं तो फिर उन्हें अपने नेताओं को सड़कों पर उतारने के बजाय अदालत जाना चाहिए था। यह विचित्र है कि उनकी ओर से यह प्रतीति कराई जा रही है कि वे नियम-कानूनों से ऊपर हैं।

# पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर नागपुर में कांग्रेस नेता शेख हुसैन पर एफआइआर



**नागपुरः** महाराष्ट्र में नागपुर पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में नागपुर कांग्रेस इकाई के पूर्व अध्यक्ष शेख के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। मंगलवार को नागपुर के गिट्टीखदान पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 294 और 504 के तहत मामला दर्ज किया गया है। नागपुर कांग्रेस इकाई के पूर्व अध्यक्ष शेख हुसैन ने नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़ी मनी लांड्रिंग जांच के सिलसिले में राहुल गांधी से पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ पार्टी के विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना करते हुए कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी की थी।राहुल गांधी के साथ एकजुटता दिखाने के लिए कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नागपुर में ईडी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े कथित मनी लांड्रिंग मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को लगातार तीसरे दिन ईडी की जांच में फिर से शामिल हुए। पुलिस इस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के एक पदाधिकारी रविकांत वरपे ने दावा किया कि भाजपा की होर्डिंग में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीर भगवान विट्ठल से बड़ी है। इसके कुछ घंटे बाद ही पिंपरी चिंचवाड़ पुलिस ने उन्हें सीआरपीसी की धारा 149 के तहत नोटिस जारी कर दिया।राकांपा प्रवक्ता और युवा अध्यक्ष रविकांत वरपे को निषेधाज्ञा नोटिस दिया गया है, क्योंकि उन्होंने पीएम की पुणे यात्रा की पृष्ठभूमि में भाजपा के खिलाफ आंदोलन की घोषणा की थी।

# सेना भर्ती की अग्निपथ योजना के विरोध में उत्तर प्रदेश में प्रदर्शन के बाद बवाल, सड़कों पर उतरे युवा

लखनऊ। सेना में युवाओं की चार वर्ष की संविदा पर भर्ती का जोरदार विरोध हो रहा है। राजनैतिक दलों के बाद अब बड़ी संख्या में युवा के साथ बेरोजगार सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना पर बवाल कर रहे हैं। सरकार के इस फैसले के खिलाफ विपक्षी दलों के साथ अपनी पार्टी के नेता भी हैं।उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के साथ ही मथुरा, प्रयागराज, गोरखपुर में सेना में भर्ती के अकांक्षी युवाओं ने प्रदर्शन किया है। प्रदर्शन कर रहे युवाओं ने इस योजना को रद करने की मांग की और ह्यअग्निपथ योजना वापस लोह्व के नारे लगाए हैं। केंद्र सरकार की सेना में भर्ती के लिए बनाई गई अग्निपथ योजना के खिलाफ मथुरा में युवाओं में आक्रोश बढ़ रहा है। सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने मथुरा में रैपुराजाट गांव के पास आगरा-दिल्ली हाईवे पर जाम लगा दिया। जाम



के कारण दोनों ओर से हाईवे पर यातायात ठप हो गया। करीब 12 बजे युवाओं ने आगरा-दिल्ली हाईवे पर रैपुरा जाट के निकट जाम लगा दिया। इससे आगरा और दिल्ली से आने वाले जहां के तहां रुक गए। सूचना पर कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई है। हाईवे पर युवाओं के समझाने के लिए एसडीएम प्रशांत नागर भी अतिरिक्त पुलिस बल के साथ पहुंचे। बरेली में एआरओ सेंटर से चौकी चौराहा तक सैकड़ों अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया फिर चौकी चौराहा पर सड़क जाम कर दी। किसी तरह पुलिस ने उन्हें उठाकर दामोदर स्वरूप पार्क पहुँचाया। वहां नगर मजिस्ट्रेट को अभ्यार्थियों ने ज्ञापन सौंपा। बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत समेत दर्जनभर से अधिक जिलों के अभ्यर्थियों का कहना है कि सरकार चार साल की नौकरी देकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। केंद्र सरकार तत्काल इसे वापस ले। अलीगढ़ में सेना में भर्ती के लिए बनाई गई अग्निपथ योजना के खिलाफ गभाना में गुरुवार को अलीगढ़ -गाजियाबाद हाईवे पर सोमना मोड़ के पास कुछ युवकों ने उत्पात मचाया। तीन रोडवेज बसों को रोककर तोड़फोड़ कर डाली। सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। जाम लगाने का भी प्रयास किया। पुलिस के आने पर युवक भाग गए। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है।गोरखपुर में सैकड़ों की संख्या में नौजवान सड़क पर उतर कर विरोध करने लगे। गोरखपुर-खजनी मार्ग को करीब डेढ़ घंटे जाम कर दिया, जिससे वाहनों को लंबी कतार लग गई। इसके अलावा कालेसर जीरो प्वाइंट पर गोरखपुर लखनऊ हाइवे जाम करने जा रहे बच्चों को प्रशासन और पुलिस के जिम्मेदारों ने समझा बुझाकर कर शांत कर दिया। इस दौरान करीब एक घंटा अफरा तफरी का माहौल रहा। यहां पर सड़क जाम की सूचना पर एसडीएम के नेतृत्व में पहुंची पुलिस ने बच्चों को समझा कर जाम खुलवाने में सफल रहे। इसके बाद नौजवानों का हुजूम गीडा थाना क्षेत्र के कालेसर जीरो प्वाइंट पहुंच गया। अधिक संख्या में पहुंचे नौजवान मांगों को लेकर गोरखपुर-लखनऊ हाइवे को जाम करने का प्रयास करने लगे। बसपा मुखिया मायावती, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ ही कांग्रेस की प्रियंका गांधी ने केन्द्र सरकार के इस फैसले को तानाशाही वाला बताया है। इन सभी ने कहा है कि सरकार अग्निपथ योजना पर पुनर्विचार करे।

# यूपी में हिंसा के आरोपितों के ठिकानों पर बुलडोजर एक्शन

## ■पर सुप्रीम कोर्ट की फिलहाल रोक नहीं, सरकार से मांगा जवाब



**लखनऊ।** भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा के बयान की आड़ में दो हफ्ते से उपद्रव तथा हिंसा करने के साथ कानून-व्यवस्था का माखौल उड़ाने वालों के खिलाफ योगी आदित्यनाथ के बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल रोक नहीं लगाई है। शीर्ष कोर्ट ने तीन दिन बाद इस प्रकरण कर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार से जवाब मांगा है। अब अगले हफ्ते मंगलवार को मामले में सुनवाई होगी। भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा को जेल भेजने की मांग को लेकर प्रदेश में बीते दो जुमा को भड़की ङ्क्षहसा के आरोपितों की संपत्तियों पर भी बुलडोजर चलाया जा रहा है। सरकार की इस कार्रवाई पर रोक लगाने के लिए सीधा सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद की अर्जी पर की न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ सुनवाई की।उत्तर प्रदेश में हिंसा के आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने योगी आदित्यनाथ सरकार से तीन दिनों में जवाब दाखिल करने को कहा है। इसके साथ ही बुलडोजर एक्शन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने यह भी कहा कि सभी कार्रवाई कानूनी दायरे में होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार कहा कि कोई भी तोडफोड़ की कार्यवाही कानूनी प्रक्रिया से हो। कोर्ट ने कहा कि ऐसी भी रिपोर्ट हैं कि यह बदले की कार्रवाई है। अब यह कितनी सही है, हमें नहीं मालूम। यह सभी रिपोर्ट्स सही भी हो सकती हैं और गलत भी। अगर इस तरह के विध्वंस किए जाते हैं तो कम से कम जो कुछ किया जा रहा है, वह कानून की प्रक्रिया के अनुसार होना चाहिए।कोर्ट की ओर से की गई इस टिप्पणी पर योगी आदित्यनाथ सरकार की ओर से तुषार मेहता ने कहा क्या अदालत प्रक्रिया का पालन करने वाले निर्देश जारी कर सकती है।

# बिहार में बीजेपी दफ्तर और ट्रेनों में लगाई आग

## दर्जनभर स्टेशनों पर तोड़फोड़, बोले- पहले की तरह हो भर्ती


**पटना:** आर्मी, नेवी और वायुसेना में भर्ती के लिए सरकार की नई योजना अग्निपथ के विरोध में बिहार में शुरू हुआ युवाओं का विरोध दूसरे दिन यानी गुरुवार को उग्र रूप अख्तियार कर लिया है। नवादा जिले के भाजपा कार्यालय में उपद्रवियों ने तोड़फोड़ की और आग लगा दी। इससे पहले इसी जिले में भाजपा विधायक पर हमला हुआ था। दिल्ली- हावड़ा मुख्य रेल लाइन के बक्सर और आरा स्टेशनों पर जमकर तोड़फोड़ हुई है और रेल संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया है। सुबह से लेकर अब तक हुए हंगामे ने रेलवे को भारी नुकसान पहुंचाया है। बिहार के रास्ते चलने वाली तमाम ट्रेनें इससे प्रभावित हुई हैं। रेलवे ने बुलेटिन जारी कर बताया है कि बिहार में किस रेलखंड पर यातायात की क्या स्थिति है। विरोध की यह कड़ी भागलपुर से बक्सर तक देखने को मिल रही है। कई जगह



ट्रेनों की बोगियों में आग लगा दी गई है, तो आरा में ट्रेन पर पथराव से कई यात्री जख्मी हो गए हैं। मोतिहारी, सिवान, छपरा, जहानाबाद, अरवल, नवादा, पटना, मुजफ्फरपुर, कैमूर सहित कई शहरों में पिछले दो दिनों में विरोध तेज हुआ है। गया में गांधी मैदान में युवाओं ने सभा की। यहां प्रशासन पहले से सतर्क रहा और सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया था। युवाओं का कहना है कि सरकार को सेना में भर्ती, वेतन और पेंशन के लिए पुरानी प्रक्रिया को ही जारी रखा जाना चाहिए। गुरुवार को पटना - गया रेलखंड, पटना-पीडीडीयू रेलखंड, गया- किउल रेलखंड, छपरा- सिवान रेलखंड पर युवाओं ने ट्रेन परिचालन बाधित किया है। बुधवार की शाम गया में पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के काफिले पर इसी विषय पर हंगामे के दौरान पथराव किया गया था।

## कविता

# कहै कबीर दीवाना-ओशो




इसका राज है। यह गुरु के कारण घटती है। कबीर के गुरु थे रामानंद। कबीर उनको नाचते देखते। तंबूरा बजता है, रामानंद नाचते हैं। कबीर उनके पास बैठते हैं। उनसे बहते आनंद के झरने का स्पर्श होता है। उनकी मस्ती, उनकी समाधिस्थ आनंद की दशा, सोते-जाते रामानंद को सब रूपों में देखते हैं। उस रूप में धीरे-धीरे अरूप की भनक पड़ने लगती है। रामानंद के पास होते-होते राम के पास होने लगते। क्योंकि रामानंद यानी राम को पा कर मिला आनंद। यह नाम बड़ा प्यारा है कबीर के गुरु का--रामानंद। जिसको मिल गया और जो उसके आनंद से भरा है। राम का पता नहीं है कबीर को, लेकिन रामानंद में घटे आनंद का पता है। वह घट रहा है। वह प्रतिपल बरस रहा है। वहां मेघ गरज ही रहे हैं। चहुं दिस दमके दामिनी। वहां तो बिजली चमक रही है। वह रामानंद के पास रोग लगता है। रामानंद संक्रामक बीमारी हो जाते हैं। **जारी...**

# बच्चों का दिमाग करना है तेज, तो रोज उन्हें खिलाएं ये 7 नट्स


ड्राई फ्रूट्स पोषण तत्वों का पावरहाउस माना जाता है, क्योंकि इसमें कई आवश्यक विटामिन, खनिज, हेल्दी फैट, एंटीऑक्सिडेंट और डाइट्री फाइबर भरपूर रूप से होते हैं। नियमित रूप से ड्राई फ्रूट्स के सेवन से इम्यून पावर बूस्ट होती है। साथ ही यह आपके शरीर को कई तरह की बीमारियों से सुरक्षित रखता है। बड़ों के साथ-साथ बच्चों के लिए भी ड्राई फ्रूट्स जरूरी होता है। ड्राई फ्रूट्स की मदद से बच्चों को दिमाग बूस्ट हो सकता है। बादाम, अखरोट, पिस्ता, काजू, पेकान, हेजल नट्स, ब्राजील नट्स, चेस्ट नट और मैकाडामिया नट्स कुछ ऐसे लोकप्रिय ड्राई फ्रूट्स जिसके सेवन से शरीर को हेल्दी रखा जा सकता है। आइए जानते हैं बच्चों के माइंड को बूस्ट करने के लिए कौन सा नट्स खिलाएं?



बादाम फास्फोरस से भरपूर होता हैं, जो हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाने में आपकी मदद कर सकता है। बादाम में मौजूद राइबोफ्लेविन और एल-कार्निटाइन, दो ऐसे प्रमुख पोषक तत्व होते हैं जो मस्तिष्क को स्वस्थ रखने में आपकी मदद कर सकते हैं। यह फाइबर में भरपूर आहार होता है, जिसके सेवन से आपका बच्चा दुरुस्त हो सकता है। अखरोट ओमेगा -3 फैटी एसिड का एक अच्छा स्त्रोत है, जो आपके बच्चे के मस्तिष्क के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके अलावा अखरोट में कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, पोटैशियम और जिंक जैसे खनिज पाए जाते हैं। यह बच्चों के समग्र स्वास्थ्य के लिए हेल्दी होता है। पिस्ता विटामिन ए, सी, ई, थायमिन, राइबोफ्लेविन, नियासिन, पैंटोथेनिक एसिड, पाइरिडोक्सिन और फोलेट जैसे जरूरी विटामिंस का अच्छा स्त्रोत होता है। प्रतिदिन इन विटामिंस के सेवन से शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है।

# 21 साल के हुए बॉबी देओल के बेटे आर्यमन

नई दिल्ली, जेएनएन। 16 जून को धर्मेंद्र के पोते और बॉबी देओल के बड़े बेटे आर्यमन देओल ने 21 साल का पड़ाव पार कर लिया। बॉबी ने बेटे को जन्मदिन की मुबारकबाद देते हुए एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें आर्यमन काफी हैंडसम दिख रहे हैं। आर्यमन की लेटेस्ट तस्वीरें देखकर सोशल मीडिया यूजर्स उनके लुक्स पर लट्टू हो रहे हैं। कई यूजर्स ने आर्यमन को बर्थडे विश करते हुए उनके लुक्स की खूब तारीफ की है। धर्मेंद्र ने भी आर्यन को जन्मदिन की बधाई देते हुए लिखा- जीते रहो। वहीं, राहुल देव, सीमा किरन सजदेह, चंकी पांडेय ने भी आर्यमन को विश किया। आने वाले समय में कई स्टार किड्स का सिल्वर



स्क्रीन पर डेब्यू होने वाला है। इनमें शाह रुख खान की बेटी सुहाना खान, बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर, अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा से लेकर सनी देओल के छोटे बेटे राजवीर देओल और पूनम ढिल्लों की बेटी पलोमा शामिल हैं। मगर, इन सबके बीच आर्यमन तेजी से अपनी जगह बना रहे हैं।आर्यमन की तस्वीरें पहली बार 2016 में आइफा समारोह में सामने आयी थीं, जिसके बाद आर्यमन अपने लुक्स के लिए अक्सर खबरों में रहते हैं। फैंस उनमें धर्मेंद्र की छवि देखते हैं। बॉबी जब भी आर्यमन की तस्वीर शेयर करते हैं, यूजर्स उनके लुक की तारीफ करते नहीं थकते। आर्यमन को इसके बाद कई दफा बॉबी के साथ सार्वजनिक स्थानों पर देखा गया है। वहीं, सोशल मीडिया के जरिए भी बॉबी बेटे की तस्वीरें साझा करते रहते हैं। पिछले साल बॉबी ने आर्यमन के जन्मदिन पर 16 जून को तस्वीरें शेयर करके बर्थडे विश किया था, जिन पर कई फैंस ने कमेंट किये थे। फैंस ने आर्यमन को बॉलीवुड का अगला सुपरस्टार बताया था। कुछ फैंस ने तो आर्यमन को लेकर फिल्म बनाने की सलाह तक दे डाली थी। एक अन्य फैन ने लिखा था कि यह लड़का बॉलीवुड में छा जाएगा।

आर्यमन, बॉबी और तान्या के बेटे हैं। बॉबी इन दिनों अपनी वेब सीरीज आश्रम 3 के लिए चर्चा में हैं, जो एमएक्स प्लेयर पर रिलीज हो चुकी है। इस सीरीज में बॉबी बाबा निराला के किरदार में नजर आते हैं। प्रकश झा निर्देशित यह सीरीज काफी लोकप्रिय हुई है। वहीं, धर्मेंद्र करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आएंगे।

# भारतीय टीम को चहल नहीं कुलदीप की आस्ट्रेलिया में क्यों होगी जरूरत, मांजरेकर ने बताया

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पूर्व ओपनर बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने भारत के एक मात्र चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव को अगले टी20 वर्ल्ड कप 2022 के लिए भारतीय टी20 टीम में शामिल करने की वकालत की है। टी20 वर्ल्ड कप 2022 का आयोजन आस्ट्रेलिया में इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाला है। पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2022 के आठवें सीजन का आयोजन आस्ट्रेलिया में 16 अक्टूबर से किया जाएगा और मांजरेकर का मानना है कि इस टूनामेंट का आयोजन आस्ट्रेलिया में किया जाना है और वहां की पिच युजवेंद्रा चहल को रास नहीं आएगी।



चहल को वहां की पिच से ज्यादा फायदा नहीं होगा और इसकी वजह से टीम इंडिया को कुलदीप यादव की जरूरत होगी। संजय मांजरेकर से एक टीवी चैनल पर शो के दौरान पूछा गया कि युजवेंद्रा चहल भारतीय टीम की आगे की योजनाओं में किस तरह से फिट बैठते हैं। मांजरेकर ने जवाब देते हुए कहा कि आस्ट्रेलिया की पिच पर उनकी पूरी तरह से परीक्षा होगी। वहीं की पिचें वैसी नहीं होंगी जिस तरह की पिच पर चहल गेंदबाजी करना पसंद करते हैं इस वजह से मेरा मानना है कि कुलदीप यादव को टीम का हिस्सा बनाना होगा क्योंकि आस्ट्रेलिया में जिस तरह की पिच है वहां पर गेंदबाजी करना कुलदीप यादव के लिए बोनस होगा।

भारत के लिए 37 टेस्ट और 74 एकदिवसीय मैचों में खेलने वाले पूर्व दाएं हाथ के बल्लेबाज ने कुलदीप को विश्व कप टीम में शामिल करने का एक और कारण बताया और कहा कि उन्हें टीम में क्यों शामिल करें इसके लिए दूसरी बात ये है कि विश्व कप में आप हर मैच में एक अलग टीम से खेलते हैं, इसलिए वहां ऐसी टीमें आएंगी जो कुलदीप यादव की गेंदबाजी के खिलाफ ज्यादा अच्छी नहीं होंगी। आपको बता दें कि कुलदीप यादव ने आस्ट्रेलिया में खेले तीन ळ20क में चार विकेट लिए हैं और उनका इकानमी रेट 5.50 का रहा है। दूसरी ओर, चहल ने भी आस्ट्रेलिया में खेले तीन टी20 इंटरनेशनल मैचों में चार बल्लेबाजों को आउट किया है, लेकिन प्रति ओवर औसतन 9.75 रन दिए हैं।

## टीम इंडिया को बड़ा झटका, केएल राहुल हो सकते हैं पूरे इंग्लैंड दौरे से बाहर




**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के दौरे पर रवाना हो चुकी है। टीम इंडिया को इस दौरे के शुरू होने से पहले ही एक जोरदार झटका लगता नजर आ रहा है। साउथ अफ्रीकी टी20 सीरीज में कप्तान चुने गए केएल राहुल को चोट की वजह सीरीज से बाहर होना पड़ा। अब खबर है कि वह इंग्लैंड के दौर पर खेली जाने वाली सीरीज से भी बाहर हो सकते हैं। भारत को इंग्लैंड के दौरे पर एक टेस्ट मैच, तीन टी20 और इतने ही वनडे मुकाबलों में मेजबान टीम के साथ खेलना है। इसके अलावा टीम घरेलू टीम के खिलाफ कुछ प्रैक्टिस मैच में भी खेलती नजर आएगी। जानकारी के मुताबिक केएल चोट से इस दौर तक नहीं उबर पाएंगे। उनका दौरे पर जाना मुश्किल हो गया है, एनसीए में उनका रिहैब चल रहा है लेकिन अब वह विदेश भेजे जा सकते हैं।राहुल को शनिवार को एनसीए में फिटनेस टेस्ट देने के लिए कहा गया था लेकिन उनकी चोट को लेकर जैसी रिकवरी चल रही है उससे बीसीसीआई संतुष्ट नहीं है। जानकारी के मुताबिक वह इंग्लैंड के दौरे पर नहीं जा पाएंगे बल्कि खबर मिल रही है कि वह जर्मनी में चोट का इलाज कराने के लिए भेजे जा सकते हैं।

## टीम इंडिया के निशाने पर पाकिस्तान का रिकार्ड साउथ अफ्रीका के खिलाफ जीत से होगी बराबरी

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज बराबरी हासिल करने के इरादे से शुक्रवार को मैदान पर उतरेगी। पहले दो मुकाबले मेहमान टीम ने जीते थे जबकि विशाखापत्तनम का तीसरा मैच टीम इंडिया ने अपने नाम की थी। साउथ अफ्रीका के खिलाफ चौथे टी20 में भारत सिर्फ सीरीज में बने रहने के लिए ही नहीं उतरेगा बल्कि उसके निशाने पर पाकिस्तान का एक रिकार्ड भी होगा। कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रिषभ पंत के लिए साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज एक चुनौती लेकर सामने आया है। चयनकताओं ने सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया है और सीरीज के पहले कप्तान बनाए गए केएल राहुल चोटिल होकर बाहर हो गए।



पंत को अचानक से कप्तानी मिली और टीम को लगातार दो मैच में हार का सामना करना पड़ा। तीसरा मुकाबला जीत सीरीज में टीम ने वापसी की लेकिन चौथा मैच भी करो या मरो का ही होने वाला है। सीरीज हार का खतरा अब तक टला नहीं है इसलिए कोच और कप्तान बेहतर रणनीति के साथ उतरेंगे।

साउथ अफ्रीका की टीम के खिलाफ भारत ने अब तक घर पर टी20 में 18 में से 10 मुकाबले में जीत हासिल किया है। सबसे ज्यादा इस टीम के खिलाफ इस फार्मेट में आस्ट्रेलिया ने मैच जीता है।

# पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले शेख हुसैन पर FIRसे संतुष्ट नहीं- BJP

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अभद्र टिप्पणी करनेवाले कांग्रेस नेता शेख हुसैन पर नागपुर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। राहुल गांधी के समर्थन में प्रवर्तन निदेशालय के नागपुर कार्यालय के सामने किए गए एक प्रदर्शन में कांग्रेस नेता शेख हुसैन ने प्रधानमंत्री पर अशोभनीय टिप्पणियां की थीं। इन टिप्पणियों के बाद कांग्रेस ने शेख के बयान से किनारा कर लिया है, और नागपुर पुलिस ने शेख के विरुद्ध एक एफआईआर भी दर्ज कर ली है। लेकिन प्रदेश के भाजपा नेता इससे संतुष्ट नहीं हैं। उनका कहना है कि महाराष्ट्र की महाविकास आघाड़ी सरकार को शेख हुसैन के विरुद्ध वैसी ही कार्रवाई करनी चाहिए, जैसी पिछले महीने मराठी अभिनेत्री केतकी चितले एवं फामेर्सी के एक छात्र निखिल भामरे के विरुद्ध की गई। इन दोनों ने राकांपा अध्यक्ष शरद पवार के विरुद्ध इंटरनेट मीडिया पर कुछ टिप्पणियां की थीं। जिसके कारण पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया था।केतकी चितले को तो कोर्ट ले जाए जाते समय राकांपा कार्यकताओं ने उनके मुंह पर स्याही भी फेंकी थी।



**चाहती है केतकी चितले जैसी कार्रवाई हो**

दूसरी ओर निखिल भामरे को एक माह तक जेल में रखे जाने के कारण दो दिन पहले उच्चन्यायालय ने सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। निखिल ने ट्वीटर पर की गई अपनी टिप्पणी में शरद पवार का नाम भी नहीं लिया था इस बात का उल्लेख करते हुए मुंबई उच्चन्यायालय के दो न्यायमूर्तियों की एक पीठ ने सरकारी वकील से सवाल किया कि बिना किसी का नाम लिए की गई किसी टिप्पणी पर आप एक माह तक एक छात्र को जेल में कैसे रख सकते हैं ? यह बात तो उस महान शख्सियत (शरद पवार) को भी पसंद नहीं आएगी, जिसे देश का दूसरा सबसे बड़ा सम्मान पद्म विभूषण मिल चुका हो। मुंबई के भाजपा विधायक अतुल भातखलकर कहते हैं कि महाविकास आघाड़ी सरकार इस प्रकार के सेलेक्टिव एक्शन लेने में माहिर है।

URGENTLY REQUIRED FEMALE STAFF
VACANCY VACANCY
ICON OPTICAL GALLERY
Urgently Required Female Staff Accountant Cum Sales Girl For Counter Sell.
Note : Must Have Computer Operating Knowledge
Contact Us : 9819292152
Shop No. 52, R.N.A. Arcade, Lokhandwala Complex, Andheri (West), Mumbai - 400 053
murtaza12152@yahoo.com

TASNEEM COLLECTION
Online Shopping Hub
Only of Ladies Bags, Kurtis, Accessories
Kitchen & Household items
Baby products
Plastic items
And much more......all under one roof
Best business opportunity for housewives to become reseller & earn at zero investment
Farida Rampurawala :
8898065152
RH 1, C 26 row house number, Swamy Ayyappam temple road, Sector. 8, New Mumbai, Vashi-400 703

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक – मुर्तुजा मामाजीवाला के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट , ऑफ आरे रोड , प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास , गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व),मुंबई – 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अंधेरी (प),मुंबई -400053 प्रकाशित । संपादक: मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997
T.C. NO. MAHHIN10172 ■ ईमेल: newsicon2021@gmail.com ■ newsicon.net